देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 285 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 24 दिसंबर 2019

विचार-प्रवाह...पाकिस्तान के लोकतांत्रिक इतिहास





मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 7.0°

41642.66

2 एफएटीएफ ने फिर पूछे 150 सवाल

7 वर्ल्डकप नहीं जीत पाने का मलाल

# दिल्ली के राजघाट पर कांग्रेस का सत्याग्रह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शनों का दौर जारी है। राजधानी दिल्ली में राजघाट पर कांग्रेस इसके विरोध में सत्याग्रह कर रही है। कांग्रेस का यह सत्याग्रह दोपहर 3 बजे से शुरू होकर रात 8 बजे तक चलेगा। इससे पहले चेन्नै में नागरिकता कानून के खिलाफ डीएमके व सहयोगी दलों की मेगा रैली भी हुई। वहीं, दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में आज ऐहतियातन स्कूल व कॉलेज बंद रखे गए। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी इस धरने में शिरकत करने के लिए पहुंचे हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के बाद कुछ देर पहले ही राहुल गांधी भी पहुंचे हैं।

सोनिया गांधी ने नागरिकता कानून के खिलाफ धरने के दौरान संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा, आज हम संकल्प करें कि हम इस संविधान की रक्षा करें और इस नष्ट नहीं होने देंगे।

### विरोध

प्रियंका गांधी के बाद राहुल भी हुए शामिल

**शाहीन बाग और जामिया गेट पर प्रदर्शनकारियों की संख्या हुई कम**

सीएए और एनआरसी के विरोध में जामिया मिल्लिया इस्लामिया और शाहीन बाग में लोग लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। एक तरफ जामिया गेट पर रविवार को लगातार दसवें दिन भी नारेबाजी की गई तो वहीं, शाहीन बाग में प्रदर्शन के आठवें दिन प्रदर्शनकारियों की संख्या काफी कम रही।

उनके साथ सीएम अशोक गहलोत, सीएम कमलनाथ और राज्यसभा सदस्य अहमद पटेल और गुलाम नबी आजाद समेत देश भर के कई दिग्गज नेता इस धरने में शामिल हैं।

# नए अध्याय की शुरूआत

## झारखंड चुनावः दोनों सीटों से जीते हेमंत सोरेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाला गठबंधन झारखंड में बड़ी जीत की तरफ बढ़ता दिख रहा है। जीत से गदगद जेएमएम नेता और राज्य के संभावित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार शाम साइकल पर निकले। उनके चेहरे की चमक जीत की खुशी को बयां कर रही थी। आपको बता दें कि हेमंत सोरेन दुमका और बरहेट दोनों सीटों से चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह हरेक वर्ग की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। उन्होंने चुनाव परिणाम को अपने पिता और दिशोम गुरु के नाम से प्रसिद्ध शिबू सोरेन के अथक परिश्रम का फल बताया। हेमंत ने कहा, उत्साह का दिन तो है ही, संकल्प लेने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि आगे की नीति गठबंधन दलों के साथ बातचीत के बाद तय होगी। कांग्रेस–जेएमएम और आरजेडी गठबंधन झारखंड में स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़ता दिख रहा है।

| | |
|---|---|
| भाजपा 25 | जेएमएम+ 47 |
| आजसू 02 | जेवीएम 03 |

**पीएम नरेंद्र मोदी ने हेमंत सोरेन को दी बधाई**

नई दिल्ली। झारखंड में शानदार जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुआई वाले गठबंधन को बधाई दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रयास की सराहना भी की है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी को सालों तक प्रदेश की सेवा का अवसर मिला और लोगों से जुड़े मुद्दे उठाती रहेगी।

**बीजेपी हारी तो मेरी जिम्मेदारीः दास**


मुख्यमंत्री रघुबर दास ने अब भी अपने पक्ष में नतीजे आने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, मैं आखिरी परिणामों का इंतजार कर रहा हूं। बीजेपी जनता का जनादेश स्वीकार करेगी। दास ने यह भी कहा कि यदि बीजेपी हारती है तो यह निश्चित रूप से उनकी हार होगी।

### संक्षिप्त समाचार

**महात्मा गांधी ने जो कहा सीएए के जरिए मोदी ने वही लागू किया**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में सोमवार को यहां एक विशाल रैली की। कोलकाता के श्यामबाजार में जनता को संबोधित करते हुए नड्डा ने यह स्पष्ट किया कि सीएए के जरिए मोदी सरकार ने वही किया जो एक समय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की इच्छा थी। नड्डा ने कहा, श्महात्मा गांधी ने 26 सितंबर 1947 को कहा था कि पाकिस्तान में रहने वाले हिंदू, सिख अगर वहां रहना नहीं चाहते तो वे हर नजरिए से भारत आ सकते हैं। ऐसी स्थिति में उनको नौकरी देना, उनके जीवन को सामान्य बनाना यह भारत सरकार का कर्तव्य है। नड्डा ने विपक्ष पर वोटों की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि इन्हें न तो इतिहास की जानकारी है और न नागरिकता संशोधन कानून की।



उत्तराखण्ड आंदोलन के जननायक एवं प्रणेता

स्व. इन्द्रमणि बडोनी

(24.12.1924 - 18.08.1999)

की जयंती पर

समस्त प्रदेशवासियों की ओर से

शत-शत नमन

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड

www.uttarainformation.gov.in

UttarakhandDIPR DIPR_UK

महिला हेल्पलाइन नं. 1090 | किसान कॉल सेंटर नं. 1551 | सी.एम.हेल्पलाइन नं. 1905

चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098 | आयुष्मान उत्तराखण्ड हेल्पलाइन नं. 104 | आपदा कॉल सेन्टर नं. 1070

# जनता के फैसले का सम्मान

झारखंड के विकास को करते रहेंगे काम

## अमित शाह ने कहा, 5 साल मौके के लिए जनता का आभार



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री और बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने झारखंड में पार्टी की हार स्वीकार करते हुए जनता को 5 साल तक सेवा के अवसर के लिए धन्यवाद दिया है। बीजेपी को यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा–कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन के सामने हार का सामना करना पड़ा है। उधर, मुख्यमंत्री रघुबर दास ने अब भी अंतिम नतीजों के इंतजार में हैं। उन्होंने कहा कि यदि बीजेपी हारती है तो यह निश्चित रूप से उनकी हार होगी।

अमित शाह ने ट्वीट कर कहा, श्हम झारखंड की जनता द्वारा दिए गए जनादेश का सम्मान करते हैं। बीजेपी को 5 वर्षों तक प्रदेश की सेवा करने का जो मौका दिया था उसके लिए हम जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। बीजेपी निरंतर प्रदेश के विकास के लिए कटिबद्ध रहेगी। सभी कार्यकर्ताओं का उनके अथक परिश्रम के लिए अभिनंदन। हम झारखंड की जनता द्वारा दिये गये जनादेश का सम्मान करते हैं।

भाजपा को 5 वर्षों तक प्रदेश की सेवा करने का जो मौका दिया था उसके लिए हम जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। भाजपा निरंतर प्रदेश के विकास के लिए कटिबद्ध रहेगी। सभी कार्यकर्ताओं का उनके अथक परिश्रम के लिए अभिनंदन।

ताजा रुझानों के मुताबिक, बीजेपी 25 सीटों पर जीत हासिल कर चुकी है या आगे चल रही है और महागठबंधन 46 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। झारखंड विधानसभा में कुल 81 सीटें हैं और बहुमत के लिए 41 सीटों की आवश्यकता होती है, जो आसानी से महागठबंधन पार कर चुकी है। 2014 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 37 सीटें मिली थीं।

**सरकार ने विरोध करने वालों से सुझाव मांगे**

अमित शाह ने झारखंड चुनाव में कई रैलियों को संबोधित किया। वह 2014 के बाद से बीजेपी के चाणक्य माने जाते रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ चुनावों में पार्टी के हाथों से कई राज्य निकल गए हैं। चुनाव विश्वेषक यह भी कहते हैं कि गृहमंत्री जैसा महत्वपूर्ण ओहदा संभालने की वजह से पार्टी के विस्तार में अधिक समय नहीं दे पा रहे हैं। पहले वह चुनाव वाले राज्यों में बूथस्तर तक की रणनीति तैयार करते थे और उसे अपनी निगरानी में अंजाम तक पहुंचाते थे।

**पड़ेगी कड़ाके की ठंड**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मौसम विभाग द्वारा बताया गया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली समेत उत्तराखंड और यूपी में ठंड बढ़ जाएगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in